महत्वपूर्ण एवं खास

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार लोगों की मौत हो गई

» ट्रक चालक के खिलाफ 304ए के तहत अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार लोगों की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा नगर बीरगांव उरला निवासी रघुराज सिंह 36 वर्ष पिता श्रीराम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि एक जनवरी को मेटलपार्क रोड बीरगांव में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 केटी 8960 के चालक दुर्गेश निषाद ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल

कोरबा (आरएनएस)। गेवरा- लक्ष्मण टीपर मार्ग पर बाइक चालक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। पवन ढाबे के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक चालक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डॉयल 112 की मदद से विकासनगर कुसमुंडा स्थित डिस्पेंसरी लाया गया। घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि उसके बाइक क्रमांक सीजी-12एक्यू-7812 के आधार पर उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है। बाइक सनद नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड हैं। दुर्घटना की सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई है।

पैदल जा रही युवती को धक्का देकर मोबाइल ले भागा, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। मोबाइल पर बात करते पैदल जा रही युवती को धक्का देकर मोबाइल लेकर युवक फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह रायपुर निवासी रेशमा नाग 30 वर्ष पिता बिसंभर नाग ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 1 जनवरी को कचना रेलवे फाटक के पास प्रार्थियां अपने मोबाइल वीवो कंपनी का कीमत 5 हजार रुपये से बात करते पैदल जा रही थी तभी पीछे से आकर अज्ञात व्यक्ति ने धक्का देकर मोबाइल लेकर फरार हो गया।

मुख्यमंत्री ने धान को बारिश से बचाने समुचित इंतजाम के लिए कलेक्टरों को दिए निर्देश

रायपुर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले एक-दो दिनों से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश से उपार्जन केन्द्रों में रखे धान को बचाने के लिए समुचित इंतजाम करने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को दिए है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि धान को व्यवस्थित तरीके से तालपत्री से ढक कर रखा जाए और उपार्जन केन्द्रों में पानी निकासी की भी समुचित व्यवस्था रहे ताकि निचले हिस्से का धान खराब न होने पाए। मुख्यमंत्री ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को उपार्जन केन्दों से धान की कस्टम मिलिंग में तेजी लाने के निर्देश भी दिए है। मुख्यमंत्री ने किसानों को सलाह दी है।

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड

» रात होते ही शहर की सड़कें होती है वीरान

रायपुर(आरएनएस)। हिमालय से आ रही सर्द हवाओं के चलते जहां मौसम में बदलाव होने से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं रात होते ही पारे में गिरावट आते ही वनांचल क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के साथ ही सुबह-सुबह गहरा कोहरा छाया रहता है। वनांचल जिलों में अम्बिकापुर, जशपुर, पेण्ड्रा रोड, बस्तर सहित अन्य इलाकों में शाम होते ही लोग घरों के अंदर चल देते हैं। राजधानी में भी देर रात को सड़कों पर रहने वाली चहल पहल इन दिनों गायब है। 8:30 बजे से 9 बजे के बाद शहर के आऊटर सहित बाजार क्षेत्रों में वीरानी छा जाती है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व समारोह में

» गुरूग्रंथ साहब के समक्ष मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के पंडरी स्थित गुरूद्वारे में सिक्ख धर्म के 10 वें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर आयोजित 353 वें प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने गुरूग्रंथ साहब के समक्ष मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि गुरु नानक देव जी ने सिक्ख धर्म की स्थापना की, गुरु गोविन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने समाज को जोड़ने का अदभुत कार्य किया। गुरु गोविंद सिंह जी समाज सुधारक तो थे ही, वे बड़े योद्धा भी थे। उन्होंने वीर योद्धा तैयार किए साथ ही वे बड़े साधक भी थे।

गुरु गोविंद सिंह जी ऐसे गुरु थे जिन्होंने कहा कि गुरु ग्रन्थ साहेब ही सिक्ख धर्म के गुरु होंगे। अब गुरु ग्रन्थ साहब ही हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

बघेल ने कहा कि आज हमें गुरू गोविंद जी द्वारा बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। यही हमारी उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धरती हम सब की है। हम सबको मिलकर इसकी रक्षा और देखभाल करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिक्ख समाज एक जिंदा दिल कौम है, जो हर स्थिति में खुश रहती है और खूब मेहनत करती है। मुख्यमंत्री ने गुरू गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर सिक्ख समाज सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक सत्यनारायण शर्मा ने भी सिक्ख समाज को बधाई देते हुए यह जानकारी दी कि हाल ही में वे करतारपुर की यात्रा कर वापस लौटे हैं।

विधायक द्वय कुलदीप जुनेजा और सत्यनारायण शर्मा, नगर निगम रायपुर के महापौर प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सिक्ख समाज द्वारा मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह चंडोक सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शार्ट फिल्म फेस्टिवल समारोह का आयोजन 15 एवं 16 फरवरी को बिलासपुर में

कांकेर (आरएनएस)। कानूनी जागरूकता पर आधारित फिल्मों का राष्ट्रीय लघु फिल्म समारोह व प्रतियोगिता (शूट फॉर लीगल अवेयरनेस) का आयोजन बिलासपुर में 15 एवं 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा लोंगो के बीच विधिक जागरूकता फैलाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शार्ट फिल्में के माध्यम से लोंगो में कानूनी जागरूकता लाना है। इस समारोह के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश भर से शार्ट फिल्म की प्रविष्टियां मंगाई जाएगी। विगत वर्ष में इस समारोह के द्वितीय आयोजन में पूरे देश से लगभग 116 से ज्यादा शार्ट फिल्म प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कानून की जानकारी देने का प्रयास प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है। लघु फिल्में आम लोंगो को कानून के प्रति जागरूक करने में सशक्त भूमिका निभाती है।

गांव स्तर पर जल्द होगी महतारी वाहन की सुविधा

कोरबा(आरएनएस)। जिला प्रशासन शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिये गांव स्तर पर महतारी वाहन की सुविधा शुरू करने की योजना तैयार कर रहा है। कलेक्टर किरण कौशल के मार्गदर्शन में इस सुविधा के लिये जरूरी आंकड़े और अन्य भौतिक व्यवस्थायें की जा रही हैं। योजना है कि गांव स्तर पर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिये अस्पताल तक लाने स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाये। गांव के ही किसी चार पहिया वाहन को इसके लिये उपयोग किया जायेगा। इस चार पहिया वाहन से गर्भवती महिला को अस्पताल तक लाने पर होने वाले व्यय का आंकलन कर संबंधित व्यक्ति को भुगतान किया जायेगा।

धान का उठान नहीं करने वाले 6 मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी

धमतरी(आरएनएस)। कस्टम मिलिंग की अनुमति प्राप्त कर धान का उठाव नहीं किए जाने पर कलेक्टर रजत बंसल ने जिले के 06 मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी मिलिंग नीति के अनुरूप समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में किसानों से उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए जिले के पंजीकृत राईस मिलर्स को अनुमति जारी की गई है। साथ ही अविलंब मार्कफेड के प्रतिनिधि जिला विपणन अधिकारी से अनुबंध निष्पादित करने, अधिक से अधिक बैंक गारंटी/प्रतिभूमि राशि प्रस्तुत कर धान का उठाव करने और भारतीय खाद्य निगम/नागरिक आपूर्ति निगम में कस्टम मिल्ड चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान उपार्जन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे और जाम की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कस्टम मिलिंग की अनुमति प्राप्त कर जिला विपणन अधिकारी धमतरी से अब तक अरिहंत फूड्स देमार, भवानी राईस मिल डोंगरडुला, मे.मायारानी लॉजिस्टिक हब बोरिदखुर्द, रिषभ राईस प्रोसेसिंग श्यामतराई एवं महावीर ट्रेडर्स धमतरी कुल पांच राईस मिलर्स द्वारा अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया। इसी तरह अनुबंध के बाद अपनी मिलिंग क्षमता के अनुरूप आकांक्षा धान कुटाई उद्योग देमार, मॉ अन्नपूर्णा आहार पुरैना कुरूद, मां चण्डी राईस मिल गाड़ाडीह, मे.बी.एम.एग्रो इण्डस्ट्रीज कोड़ेबोड़, मे.परमेश्वरी राईस मिल कुरूद एवं शक्ति राईस मिल धमतरी कुल 06 मिलर्स द्वारा धान का उठाव नहीं किया गया है। इसके मद्देनजर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मुम्बई से रायपुर आने वाली फ्लाईट खराब मौसम के चलते हैदराबाद डायवर्ट

रायपुर (आरएनएस)। बेमौसम लगातार हो रही बारिश के चलते रायपुर के स्वामी विवेकानंद टर्मिनल में लो विजिबिलिटी के चलते इंडिगो की मुम्बई से रायपुर आने वाली फ्लाईट खराब मौसम के कारण हैदराबाद डायवर्ट की गई है। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ के लिए यलोअलर्ट जारी किया है।

उपयोजना मद की राशि से हितग्राहियों के जीवन में परिवर्तन आए : डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम

» आदिवासी क्षेत्र उपयोजना एवं अनुसूचित जाति उपयोजना मद अंतर्गत

रायपुर (आरएनएस)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना एवं अनुसूचित जाति उपयोजना मद अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। डॉ. टेकाम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि उपयोजना मद की राशि के उपयोग से वहां के लोगों के जीवन में परिवर्तन आए, उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो और उनकों मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो। डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि उपयोजना मद की राशि से जहां अच्छा काम हुआ है वहां की सफलता की कहानी विभाग को प्रेषित करें, ताकि वहां जाकर उसे देखा भी जा सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि उपयोजना मद की राशि केन्द्र द्वारा सीधे विभागों को आवंटित की जाती है। मासिक समीक्षा के लिए जिलों के विभागीय अधिकारी आय-व्यय और प्रगति की जानकारी जिले के परियोजना प्रशासक को दें। डॉ. टेकाम ने कहा कि तृतीय त्रैमासिक समीक्षा में विभागों को आवंटित राशि की भी जानकारी लेकर व्यय राशि की समीक्षा की जाए।

जियो खुलकर अभियान के तहत लाखों रूपए की प्रतिबंधित नशीली दवाई बरामद

दुर्ग(आरएनएस)। नशामुक्ति अभियान जियो खुलकर के तहत लगातार अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 1 जनवरी को रात्रि में मुखबिर की सूचना मिली कि आरोपी अमृत देवांगन उर्फ रिंकू एवं सुनील भोई व अमनप्रीत सिंह तीनों बाईक से शंकराचार्य जुनवानी की ओर नशीली दवाईयां लेकर जा रहे हैं, सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उक्त नशीली शिरप मनोज कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिन्होंने कोडिन शिरप को अपने गोदाम में तथा कुछ शिरप को अपने फ्रेटा कार में रखना चाहिए। आरोपियों के कब्जे से कुल 60 पेटी (7200नग) प्रतिबंधित शिरप एवं 19 डिब्बे अल्प्राजोलम टैबलेट कुल जुमला 10 लाख रूपए बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा जाता है। पूछताछ के दौरान और अन्य मामलों का खुलासा होने की संभावना है।

ईतवारी पैसेंजर आज राउरकेला-टाटानगर के बीच रद्द रही

» कुछ गाड़ियों विलंब से रवाना

» चक्रधरपुर रेल मंडल में अपग्रेडशन कार्य जारी

» 03 जनवरी को भी कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

रायपुर(आरएनएस)। दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल में अपग्रेडशन के कार्य के कारण आज कुछ ट्रेनें प्रभावित रही। इनमें 01 जनवरी को 58112 ईतवारी से रवाना हुई ईतवारी-टाटानगर पैसेंजर आज राउरकेला एवं टाटानगर के बीच रद्द रही। वहीं राजेन्द्रनगर से चलने वाली 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस को आज 04 घंटे 25 मिनट देरी से रवाना किया जाएगा। जबकि जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस को 04 घंटे 20 मिनट देरी से रवाना किया जाएगा। इसी प्रकार पूरी से चलने वाली 18477 पूरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस को आज परिवर्तित मार्ग कटक-अगुंल-सारसुगुडा-बिलासपुर होकर चलाया जा रहा है। ये गाड़ी कटक-खड़कपुर-सारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

अपग्रेडशन के कार्य के कारण 3 जनवरी को 58111 टाटानगर-इतवारी पैसेंजर राउरकेला एवं टाटानगर के बीच रद्द रहेगी। वहीं हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-मुम्बई दुरंतो एक्सप्रेस 01 घंटे 35 मिनट देरी से रवाना की जाएगी।

प्रतिबंध फिर से बिकने लगा प्लास्टिक

कोरबा (आरएनएस)। प्रतिबंध के बाद भी खुलेआम प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है राज्य सरकार ने प्लास्टिक कैरी बैग के बाद अब पीवीसी से बने कप-प्लेट, बाउल, चम्मच को भी प्रतिबंधित कर दिया है। सरकार ने प्लास्टिक के इन सामानों को बनाने, बेचने, उपयोग करने से लेकर भंडारण व परिवहन पर भी रोक लगा दी है। प्लास्टिक से बने कैरी बैग, कटोरी, चम्मच और बैनर के प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई का अधिकार कलेक्टर, एसडीएम, पर्यावरण संरक्षण मंडल और नगर निगम को दिया गया है। लेकिन सभी जिम्मेदार अधिकारी राज्य सरकार के इस आदेश की अनदेखी कर रहे हैं। नोटिफिकेशन में जारी होने बाद भी अब तक नगर निगम कार्रवाई करना तो दूर मौके पर जाकर जांच तक नहीं किया है। जिसका फायदा कारोबारी उठा रहे हैं। लगभग साल भर पहले निगम ने खानापूर्ति के नाम पर कुछ दुकानों पर कार्रवाई करते हुए पॉलिथीन व डिस्पोजल जप्त किया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बीएसपी से कम्प्यूटर पार्ट्स चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

भिलाइ (आरएनएस)। भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी 02 में निर्माणाधीन उप सब स्टेशन में हुई चोरी के रिपोर्ट प्रार्थी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड के इंजीनियर अभिषेक सिंह पिता आर एन सिंह उम्र 35 साल निवासी फेस 02 सूर्या विहार, बी 32 सुपेला भिलाई द्वारा थाना भिलाई भट्टी में उपस्थित होकर 31 दिसंबर को स्टोर में शाम 6 बजे ताला लगाकर चले गए थे सुबह 10 बजे वापस ड्यूटी आने पर स्टोर का ताला टूटा हुआ था एवं अंदर से सीपीयू 07 नग, मानिटर 05 नग, 02 नेटवर्क सर्वर 02 एवं 02 एसी का सेट एवं 01 एसी का ईनर को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्टी में अपराध क्रमांक 02/2020 धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त अपराध की जानकारी अधिकारियों को दी गई एवं उनके निर्देशानुसार एक टीम गठित कर आरोप पतासाजी की जा रही थी कि इसी दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि जोरातराई के आसपास ग्राहक तलाश कर रहे हैं कि सूचना पर संदेही कृष्णा, सोनू साहू, राकेश कुमार, श्रवण एवं अपचारी बालक को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी 02 स्टोर से सामान चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

छग कालेज के एनएसएस विंग्स ने शहर में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

रायपुर (आरएनएस)। शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने आज शहर में स्वच्छता रैली निकाली। इस रैली में एनएसएस के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

छत्तीसगढ़ कालेज के एनएसएस विंग्स द्वारा आज राजधानी रायपुर में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय प्रांगण से होते हुए हिन्दू हाईस्कूल, ओसीएम चौक, आकाशवाणी तिराहा, पीडब्ल्यूडी चौक तथा सिविल लाईन इलाके से होते हुए वापस कालेज परिसर पहुंच कर समाप्त हुआ। एनएसएस से जुड़े छात्र-छात्राओं ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण से जीव-जंतुओं, वनस्पतियों के साथ ही अब मानव जाति भी प्रभावित होने लगी है। साफ-सफाई के अभाव में तथा सफाई के प्रति लापरवाही बरतने से तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। इसका खामियाजा वर्तमान में जहां इंसान स्वयं भुगत रहा है तो आने वाले समय में इसका दुष्प्रभाव नई पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। स्वच्छता अपनाकर तथा दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर हम कई बीमारियों की रोकथाम स्वयं कर सकते हैं।